# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

*संख्या–91/2025*

## <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

### राज्यपाल ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की वार्षिक राजभाषा पत्रिका का <u>विमोचन किया</u>

**पटना 21 सितम्बर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन के दरबार हॉल में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना की वार्षिक राजभाषा पत्रिका ''बिहार दर्शन'' के पंचम अंक का विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिन्दी को सम्पर्क भाषा में मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें भारत की सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। हिन्दी को सम्पर्क भाषा के रूप में अपनाने का अभिप्राय यह कतई नही है कि भारत की कोई भाषा कमजोर हो। हम जितनी अधिक भाषाओं की जानकारी रखते हैं उतना ही अधिक संस्कृतियों को सीखने में सक्षम हो पाते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी श्रीमती स्वधा रिजवी, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

............................................